समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# मुंबई समेत इन 4 जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट, 4.75 मीटर ऊंची समुद्री लहरें उठेंगी, प्रशासन अलर्ट पर।

Publisher

Published on 26 Jun 2025



## मुंबई, ठाणे, रायगढ़, पालघर और कोकण क्षेत्र में भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी, समुद्र में ऊंची लहरें और बाढ़ का खतरा मंडराया।

**मुंबई, 26 जून 2025: मुंबई और महाराष्ट्र के कई जिलों** में एक बार फिर से **अति भारी बारिश** का खतरा मंडरा रहा है। **भारतीय मौसम विभाग (IMD)** ने चेतावनी दी है कि आने वाले **4 से 5 दिनों** तक राज्य के कई जिलों में **तेज बारिश, समुद्री लहरें** और **बाढ़ की स्थिति** बन सकती है।

विशेषकर **मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़** और **रत्नागिरी जिलों** में अलर्ट जारी किया गया है। **समुद्र में 4.75 मीटर तक ऊंची लहरें** उठने की आशंका है।

**मुंबई में हाई टाइड और 19 बार समुद्री लहरें तेज होंगी**
मौसम विभाग के अनुसार:

१. **मुंबई में 26 जून को सबसे ऊंची समुद्री लहरें (4.75 मीटर) उठने का अनुमान**
२. **अगले 4 दिनों में कुल 19 बार हाई टाइड आ सकती है**
३. **समुद्र के किनारे जाने से मनाही की गई है**
४. **मुंबई महानगरपालिका (BMC) ने जनता से सावधानी बरतने की अपील की है**

किन जिलों में भारी बारिश और बाढ़ का खतरा?

इन जिलों में भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी:

**मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, पुणे, सातारा**
**कोकण क्षेत्र और मध्य घाट मे भारी वर्षा के कारण बाढ़ जैसी स्थिति बन सकती है।**

क्या-क्या है प्रशासन की सलाह ?

१. **समुद्र किनारे जाने से बचे**
२.**अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकले**
३. **छाता या रेनकोट लेकर ही बाहर जाएं**
४. **ट्रैफिक और लोकल ट्रेन अपडेट पर नजर रखे**
५. **बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी मे रंखे**

आगे क्या ?

**IMD** ने जानकारी दी है कि **विदर्भ, मराठवाड़ा** और **पश्चिम महाराष्ट्र** में भी **बारिश की गतिविधियां** तेज हो सकती हैं। कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ तेज हवाओं की भी आशंका है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.